पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0
(राज्यपाल सूचना परिसर)

———————

राज्यपाल की प्रेरणा से राजभवन में आयोजित परम्परागत खेल प्रतियोगिता–2024 पुरस्कार वितरण के साथ सम्पन्न हुई

———————

राज्यपाल ने विजयी खिलाड़ियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया

———————

खेलकूद के साथ–साथ विद्यार्थियों को कैरियर हेतु भी ध्यान देने की आवश्यकता

———————

खेलकूद और व्यायाम स्वस्थ जीवन के लिए आवश्यक

———————

पुलिस भर्ती के लिए यहाँ के अभ्यर्थियों का प्रशिक्षण करवाया जाए

———————

प्रतियोगिताओं की तैयारी हेतु राजभवन स्थित पुस्तकालय का उपयोग किया जाए

–राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल

———————

लखनऊ : 18 जनवरी, 2024

प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल की प्रेरणा से राजभवन में आयोजित परम्परागत खेल प्रतियोगिता–2024 आज विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरण कार्यक्रम के साथ समारोह पूर्वक सम्पन्न हुई। राज्यपाल जी ने प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को पुरस्कार, प्रमाण–पत्र तथा मिठाई का डिब्बा प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर उन्होंने सम्बोधित करते हुए कहा कि खेल स्वस्थ जीवन के लिए एक चमत्कार है तथा नियमित रूप से खेलने से किसी दवाई की आवश्यकता नहीं होती है। खेल से

पाचन शक्ति मजबूत और स्वास्थय सही रहता है। उन्होंने कहा कि आगामी खेल प्रतियोगिताओं में 800 मीटर दौड़, बाधा दौड़ इत्यादि भी शामिल किया जाए।

राज्यपाल जी ने खेलकूद के साथ–साथ 10वीं से 12वीं कक्षा के छात्रों के कैरियर हेतु भी ध्यान देने की जरूरत बताई। उन्होंने कहा जिन लोगों ने पुलिस भर्ती के लिए अपना पंजीकरण कराया है, उनका भी परीक्षा हेतु प्रशिक्षण करवाया जाए। इसी क्रम में उन्होंने कहा कि यहाँ के सक्षम अधिकारी राजभवन में आई.ए.एस, आई.पी.एस, आई.आर.एस व अन्य प्रतियोगिताओं की तैयारी यहाँ के 10वीं और 11वीं कक्षा के विद्यार्थियों को कराएं तथा इसके लिए राजभवन स्थित पुस्तकालय का उपयोग किया जाए। उन्होंने खेलकूद और व्यायाम को स्वस्थ जीवन हेतु आवश्यक बताया। राज्यपाल जी ने अपने बचपन के अनुभव, ग्रामीण जीवन और खेलों के अनुभव को भी साझा किया। उन्होंने बालिकाओं को समाज में गलत प्रवृत्तियों का विरोध करने के लिए प्रेरित किया और अपने विद्यार्थी जीवन की घटनाओं का उदाहरण भी दिया। उन्होंने अपेक्षा की कि आयोजन के उपरान्त भी खेलों की प्रवृत्तियाँ निरन्तर जारी रहें।

ज्ञातव्य है कि राजभवन में आयोजित खेल प्रतियोगिता में कुल 21 खेलों का आयोजन किया गया है, जिसमें खो–खो, कबड्डी, गिल्ली डण्डा, रस्सा कसी, टेबल टेनिस, शतरंज, कैरम, बैडमिंटन, जूडो, कलर बॉल, गोला फेंक, लम्बी कूद, ऊंची कूद, दौड़ (100 मी0/50 मी0), लंगड़ी दौड़, बोरा दौड़, स्लो साइकिलिंग, वालीबॉल, लट्टू तथा रस्सी कूद प्रतियोगिता शामिल है। इन खेलों में कुल 509 प्रतिभागी प्रतिभाग शामिल रहे, जिनमें 358 पुरूष, 57 बालक तथा 94 प्रतिभागी महिला एवं बेटियों ने प्रतिभागिता की।

समारोह में व्यक्तिगत प्रतिस्पर्धा में 62 को प्रथम स्थान 54 प्रतिभागियों को द्वितीय व 44 प्रतिभागियों को तृतीय स्थान के लिए सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त प्रतियोगिता आयोजन में सफल योगदान देने वालों को भी सम्मानित किया गया। टीम गेम में 50 टीमों को प्रथम स्थान तथा 50 टीमों को द्वितीय स्थान प्राप्त करने के लिए सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव राज्यपाल डॉ0 सुधीर महादेव बोबडे ने छोटे बच्चों से लेकर सभी की सक्रिय सहभागिता हेतु आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन विशेष कार्याधिकारी शिक्षा ने किया तथा समारोह में राजभवन के अधिकारी, कर्मचारी एवं यहाँ अध्यासित उनके परिवार के सदस्य भी उपस्थित रहे।

डा0 सीमा गुप्ता, सहायक निदेशक
कृष्ण कुमार, सूचना अधिकारी, राजभवन
सम्पर्क सूत्र– 8318116361